mation is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

### पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की मूर्ति के आसपास रोशनी की व्यवस्था

9350. **श्री श्रीगोपाल साबू** : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण आवास तथा नगरीय विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रफी मार्ग के नई दिल्ली के चौराहे के निकट गोबिन्द बल्लभ पंत की मूर्ति के आस पास रोशनी की व्यवस्था नहीं है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मूर्ति के आस पास के भवनों तथा सड़कों पर रोशनी है परन्तु मूर्ति घोर अंधेरे में है ;

(ग) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ;

(घ) क्या मूर्ति के आस पास रोशनी का प्रबन्ध करने का सरकार का विचार है ; और

(ङ) यदि हां, तो यह काम कब किया जायेगा ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : (क) जी, हां ।

(ख) जी, हां ।

(ग) मूर्ति पर प्रकाश करने के लिए सरकार ने पहले कोई निर्णय नहीं किया था ।

(घ) और (ङ). मामला विचाराधीन है ।

### गांधी बलिदान स्थल

9351. **श्री शशि भूषण** : क्या स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तीस जनवरी मार्ग पर स्थित गांधी बलिदान स्थल के राष्ट्रीय मामले को हल करने के लिए आर्थिक आधार पर तैयार की गई योजना की रूपरेखा क्या है ;

(ख) क्या उनके मन्त्रालय द्वारा कोई बजट अथवा नई योजना बनाई गई है अथवा क्षेत्र के लिए कोई नक्शा तैयार किया गया है ;

(ग) इस क्षेत्र को "संस्थागत क्षेत्र" घोषित करने के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) इस स्थान को अपने नियंत्रण में लेने से पूर्व इस क्षेत्र की योजना और बजट तैयार करने तथा इसको संस्थागत क्षेत्र घोषित करने के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० सू० मूर्ति)** : (क) और (ख). मामला अभी विचाराधीन है ।

(ग) और (घ). सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

### Central Tax Collections

9352. SHRI INDRAJIT GUPTA :
SHRI RAM AVTAR SHARMA:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Central tax collections have fallen by Rs. 46 crores over the revised estimates for 1968-69 ;

(b) if so, how much of this decrease was on account of (i) excise duties, (ii) income-tax, and (iii) corporate tax ;

(c) the reasons for the shortfall ;

(d) the extent to which it will be reflected in the current year's estimated deficit of Rs. 260 crores ; and

(e) whether any steps are being taken and if so, what, for tightening up the tax-collection machinery ?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI) : (a) to (c). The final figures of revenue realisations during 1968-69 from Central taxes and duties, *viz*. Income-tax (including Corporation-tax), Estatate Duty, Wealth-tax, Gift tax, Expenditure-tax